दैनिक भास्कर 04/07/2024

# जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य ने इंडोनेशिया और मलेशिया के 4 विश्वविद्यालयों का किया दौरा

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के लिए शोध और विकास के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने हाल ही में मलेशिया व इंडोनेशिया के 4 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों का दौरा किया। इनमें मैनेजमेंट एवं साइंस विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ऑफ मलाया, यूनिवर्सिटी मोनाश मलेशिया व यूनिवर्सिटी ऑफ उडयाना इंडोनेशिया शामिल हैं। यह दौरा कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में कदम माना जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य अकादमिक संबंधों को मजबूत करना, सहयोगात्मक अनुसंधान के अवसरों का पता लगाना और भारतीय और मलेशियाई शैक्षणिक संस्थानों के बीच ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। इस दौरान विश्वविद्यालयों में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों के साथ बातचीत की और अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने व्याख्यान दिए, सेमिनारों में भाग लिया और संभावित सहयोग परियोजनाओं पर चर्चा की। इन विश्वविद्यालयों की शिक्षा प्रणाली से सीखना और उसे अपने कॉलेज में लागू करना एक महत्वपूर्ण उद्देश्य था। इन विश्वविद्यालयों में जो आधुनिक शिक्षण विधियां अपनाई जा रही हैं, उन्हें जीएमएन कॉलेज में लागू करने की योजना बनाई जा रही है। इससे छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।